हस्तकला केन्द्र को लेकर चर्चा

संवाददाता, लखनऊ

प्रसिद्ध हस्तकला केन्द्र को लेकर एच जी एच इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण रॅंगटा ने लखनऊ एवं यूपी के उपलब्ध अवसरों के बारे में बताया कि अनोखे उत्पादों से विश्व के होम डेकोर, होम टेक्सटाइल्स एवं हाउसवेयर बाजारों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है, उत्तर प्रदेश में स्थित है। लखनऊ की चिकनकारी, मुरादाबाद का ब्रास मेटल वर्क, सहारनपुर की लकड़ी पर नक्काशी, फिरोजाबाद की के कांच के सामान, भदोही के हस्तनिर्मित गलीचे कानपुर के चमड़े के उत्पाद, तथा आगरा का संगमरमर के सामान पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। हालांकि यूपी के इन सभी हस्त कला केंद्रों ने विश्व में अपना स्थान बनाया है, वह अपने ही देश के तेजी से उभरते अवसरों की सुनियोजित ढंग से उपयोग नहीं कर सके। उत्तर प्रदेश के पास भारत के घरेलू उत्पादों के बाजार में दोहरे अवसर है। एक तरफ लखनऊ एवं कानपुर जैसे शहर इन उत्पादों के उपभोक्ता एवं रिटेल केंद्र बन सकते हैं, तो दूसरी ओर यूपी के हस्त कला केंद्र भारत भर के बड़े आपूर्तिकर्ता बन सकते है। ऐनारॉक भारत की प्रसिद्ध रियल एस्टेट कंसल्टेंट द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ देश में रिटेलिंग के क्षेत्र के लिए अति तीव्रता से उभरते टियर 2 एवं टियर 3 के 11 शहरों में से एक है। रॅंगटा ने कहा कि ''देश की 10 करोड़ मध्यमवर्गीय आबादी टियर 2 शहरों में रहती है। इसलिए ये शहर बड़े रिटेलर्स के लिए महत्वपूर्ण लक्ष्य बन गए हैं। उत्तर प्रदेश खासकर लखनऊ के रिटेलर्स एवं होल सेल इन क्षेत्रों की विश्व स्तरीय एवं नवीनतम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एचजीएच इंडिया से अपनी व्यावसायिक खरीदारी कर सकते हैं। मुंबई में 2 से 4 जुलाई को आयोजित होगा। आनलाइन रजिस्टेशन कर सकते है।

स्वतंत्र भारत , लखनऊ – 7 मार्च 2019